# MODEL SAMPLE QUESTION PAPER, 2021

**CLASS – X        SUBJECT – HINDI – A**

**Time : 3Hrs.**        **SET – 2**        **FULL MARKS - 90**

पूर्णांक – ९०

**खण्ड – क (अपठित गद्यांश एवं काव्यांश)**

---

I) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

भूखा मनुष्य क्या पाप नहीं करता अर्थात् सभी पाप करते है। धन से क्षीण मनुष्य दयाहीन हो जाता है। उसमें कर्त्तव्य और अकर्त्तवय का विवेक नहीं रहता है। यही दशा आज के युग की है। चोरी और डकैतियाँ छीना–झपटी और लूट–खसोट सुनाई पड़ती है। कहीं बैंक लूटने का समाचार अखबार में छपा हुआ मिलता है, तो कहीं गाड़ियाँ लूटने का। मनुष्य के जीवन से आनन्द और उल्लास न जाने कहाँ जाता रहा। उसे अपनी और अपने परिवार की रोटियों की चिंता है, चाहे उसका उपार्जन सदाचार से हो या दुराचार से। आजकल श्रमिक हो या अनवरत बौद्धिक श्रम करने वाला विद्वान, सभी बेरोजगारी के शिकार बने हुए हैं। निरक्षर तो किसी तरह अपने पेट भर लेते हैं, परंतु पढ़े लिखे लोगों की स्थिति बहुत खराब है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि हम स्वतंत्र तो हैं, किन्तु आर्थिक दृष्टिकोण से निश्चित रूप से परतंत्र हैं। एक सुखी–सम्पन्न है तो पचास दुखी और दरिद्र। ऐसा नहीं है कि यह समस्या नहीं है। द्वितीय महायुद्ध से पहले यह समस्या भारत में विद्यमान थी। प्रश्न केवल यह है कि इस समय यह समस्या अपनी चरम सीमा पर पहुँच गयी हैं।

यह भी ठीक ही है कि बढ़ती हुई जनसंख्या ने बेरोजगारी की समस्या को और भी बढ़ा दिया है। साधन, सुविधाएँ और उत्पादन तो वही रहा परन्तु उपभोगता अधिक हो गए हैं। उदाहरण के तौर पर घर में कमानेवाला एक हो और खानेवाला दस हो तो दरिद्रता अवश्य आयेगी। बस यही दशा भारतवर्ष की हो रही है।

**प्रश्न :– सही विकल्प को चुनें :– (4x1)**

(1) मनुष्य कब दयाहीन हो जाता है ?        1

(क) धन के अभाव में        (ख) दुराचार की

(ग) जवानी में        (घ) बुढ़ापा में

2) आज मनुष्य किसकी चिन्ता करता है? 1

(क) सदाचार की (ख) दुराचार की

(ग) रोटी की (घ) मोबाइल की

3) 'कर्त्तव्य' का विलोम शब्द क्या होता है? 1

(क) कर्मनिष्ठ (ख) अकर्त्तव्य

(ग) कर्मवान (घ) कर्महीन

4) कौन सी समस्या बेरोजगारी की समस्या को और बढ़ा दी है? 1

(क) बढ़ती हुई जनसंख्या (ख) मोबाइल

(ग) लूट–खसोट (घ) निरक्षरता

(II) रिक्त स्थान को भरें :– (2x1 =2)

5) भूखा मनुष्य क्या ....... नहीं करता है अर्थात् सभी पाप करते हैं। 1

6) मनुष्य के जीवन से ....... और उल्लास कहीं चले गए हैं। 1

7) दरिद्रता कैसे आती है? उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर बतायें। 2

8) बेरोजगारी को दूर करने के लिए शिक्षा–पद्धति में क्या परिवर्त्तन करना होगा? 2

III) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

विघ्नों का दल चढ़ आए तो, उन्हें देख भयभीत न होंगे
अब न रहेंगें दलित दीन हम, कहीं किसी से हीन न होंगे।
क्षुद्र स्वार्थ की खातिर हम तो, कहीं न गर्हित कर्म करेगें।
पुण्य भूमि यह भारत माता, जग की हम तो भीख न लेंगे।
मिसरी–मधु–मेवा–फल सारे देती हमको सदा यही है
कदली, चावल, अन्य विविध और क्षीर सुधामय लुटा रही है।

प्रश्न :– सही विकल्प को चुनें :– (4x1)

(अ) 9) किसके आने पर भयभीत न होंगे ? 1

(क) सिंह के आने पर (ख) तूफ़ान के आने पर

(ग) विघ्नों का दल चढ़ आने पर (घ) रात आने पर

10) कवि क्या आशा करता है ? 1

(क) भारत बहुत तरक्की करेगा

(ख) भारत में सुख और शांति का वास होगा

(ग) भारत में आपसी झगड़े न होंगें

(घ) भारतीय किसी से पद–दलित और हीन न होंगे

11) भारत माता हमें क्या देती है ? 1

(क) घर (ख) स्वर्ग

(ग) जीवन (घ) खाने का सभी सामान

12) 'सुधा' का क्या अर्थ होता है ? 1

(क) अमृत (ख) सुंदर

(ग) सीधा (घ) धरती

(ब) रिक्त स्थान को भरें :– (2x1 =2)

13) क्षुद्र स्वार्थ के खातिर हम ......... कर्म नहीं करेंगें। 1

14) भारतमाता अन्न विविध और ............ सुधामय लुटा रही है। 1

(स) 15) भारतवासी गर्हित कर्म (निंदनीय कार्य) किसकी खातिर नहीं करेंगे ? भारत माता क्या–क्या देती है ? 2

16) इस काव्यांश में कवि भारत माता को क्या कहना चाहते हैं ? वर्णन करें। 2

## खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)

IV) सही विकल्प को चुनें :– (10x1=10)

17) 'नरेश पत्र लिखता है।' क्रिया के भेद लिखें।

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

18) 'किशन बहुत तेज दौड़ रहा है।' इसमें कौन–सा क्रिया भेद है ?

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) प्रेरणार्थक (घ) द्विकर्मक

19) 'दिनेश ने खाना खिलवाया' इस वाक्य में कौन क्रिया पद है ?

(क) खिलवाया (ख) ने

(ग) खाना (घ) दिनेश

20) 'जब सभा समाप्त हुई तो सब लोग चले गए।' कौन सा वाक्य है ?

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

21) 'मैं उसका जन्म स्थान नहीं जानता'। – कौन सा वाक्य है ?

(क) उपवाक्य (ख) संयुक्त

(ग) मिश्र (घ) सरल

22) 'उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।' वाक्य का नाम बतायें ?

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

23) 'रमेश आया और मोहन चला गया।' किस प्रकार का वाक्या है?

(क) उपवाक्य (ख) मिश्र

(ग) सरल (घ) संयुक्त

24) निम्न में से कौन सा शब्द 'वंश' का अनेकार्थी नहीं है?

(क) कुल (ख) बाँस

(ग) जाति (घ) कंश

25) 'विधि' का निम्न में से अनेकार्थी शब्द नहीं है?

(क) संपत्ति (ख) ब्रह्मा

(ग) रीति (घ) कानून

26) निम्न में कौन 'नाक' का अनेकार्थी शब्द है?

(क) नाग (ख) नासिका

(ग) नग (घ) नया

V) रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :– (6x1=6)

27) आँधी आई .......... पानी बरसा। 1

28) उसने कहा ....... मैं कल आऊँगा। 1

29) आपने स्नान किया ............ नहीं किया। 1

30) मैंने बहुत समझाया ............ उस पर कोई असर न हुआ। 1

31) मैं घर जाऊँगा ............. आराम कर सकूँ। 1

32) राम बीमार था ........... वह न आ सका। 1

33) क्रिया किसे कहते हैं? क्रिया के कितने भेद होते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तकें)

VI) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

बेटे के क्रिया कर्म में तूल नहीं किया, पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किन्तु ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। इधर पतोहू रो–रोकर कहती मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा ? मैं पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय अटल था। तू जा नही तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा – यह था उसकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती ?

प्रश्न 34) इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ? 1

(क) स्वयं प्रकाश (ख) रामवृक्ष बेनीपुरी

(ग) यतीन्द्र मिश्र (घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

35) पतोहू ने रो–रोकर क्या कहा ? 2

36) बालगोबिन ने क्या धमकी दी ? 2

37) बालगोबिन ने समाज के प्रचलित नियम के विरुद्ध क्या काम किया ? 2

VII) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2x4 = 8

(38) कैप्टन चश्मेवाला के साथ कैसा व्यवहार किया जाना अपेक्षित था ?

**अथवा**

भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(39) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ?

**अथवा**

'एक कहानी यह भी' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या बताना चाह रही हैं ?

VIII) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !
थक गए हो ?
आँख लूँ मैं फेर ?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मैं न सकता देख
तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

प्रश्न 40) कवि किसके थकने की बात कह रहे है ? 1

(क) स्वयं के (ख) पत्नी के

(ग) शिशु के (घ) शिशु की माँ के

41) बालक किसे अनिमेष देखता रह जाता है और क्यों ? 2

42) कवि आँख फेर लेने की बात क्यों कहता है ? 2

43) कवि शिशु को देख पाने का अवसर कैसे पा सका ? 2

IX) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–2X4=8

(44) माँ ने बेटी को चेहरे पर रीझने के लिए क्यों मना किया ?

**अथवा**

'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है ?

(45) 'जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

बच्चों की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है ?

46) प्रश्न– माता बाबूजी को क्या उलाहना देते हुए बच्चे को क्या कहकर खिलाती थी ? 5

**अथवा**

गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है ?

## खण्ड – घ (रचना लेखन)

47) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखें :– 5

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य

(संकेत बिन्दु : भूमिका, मेरा लक्ष्य, लक्ष्य क्यों, तैयारी)

(ख) समाचार पत्र का महत्व

(एक सामाजिक कड़ी, लोकतंत्र के प्रहरी, व्यापार का विस्तार, ज्ञानवृद्धि एवं मनोरंजन का साधन, जन सुविधा)

(ग) भ्रष्टाचार एक समस्या

(भ्रष्टाचार का अर्थ, स्वरूप, कारण, समाधान)

48) प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र लिखें। 5

**<u>अथवा</u>**

अपने मुहल्ले की सफाई कराने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखें।

49) चाय विक्रेता हेतु एक विज्ञापन 50 शब्दों में तैयार करें। 5

**<u>अथवा</u>**

छात्रों में खेल के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।